# झारखण्ड लोक सेवा आयोग,
# सर्कुलर रोड, राँची

## प्रेस विज्ञप्ति

**झारखण्ड अभियोजन सेवान्तर्गत सहायक लोक अभियोजक के कुल–160 पदों {नियमित 134 पद (विज्ञापन संख्या–06/2025 एवं बैकलॉग 26 पद (विज्ञापन संख्या–05/2025)} के संबंध में आवश्यक सूचना।**

माननीय झारखण्ड उच्च न्यायालय, राँची द्वारा W.P.(S) No.-7773 of 2025 सुधाकर झा एवं अन्य बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य, W.P(S) No.3529 of 2025 विकाश कुमार गुप्ता एवं अन्य बनाम झारखण्ड राज्य एवं अन्य तथा समरूप वादों में दिनांक–25.07.2025 को पारित न्यायादेश के आलोक में ऑफलाईन आवेदन समर्पित करने वाले अभ्यर्थियों हेतु विज्ञापन संख्या–05/2025 एवं विज्ञापन संख्या–06/2025 में **उम्र सीमा की संदर्भ तिथि–01.08.2024 के स्थान पर 01.08.2018 पढ़ा जाय।** विज्ञापन संख्या–05/2025 एवं विज्ञापन संख्या–06/2025 की शेष शर्त्तें यथावत रहेंगी।

2. उक्त के क्रम में संबंधित मामले के वादीगण (Petitioners) एवं अन्य इच्छुक एवं अर्हताधारी भारतीय नागरिकों से ऑफलाईन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं।

3. परीक्षा शुल्क क्रेडिट कार्ड/डेबिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग/UPI/चालान के माध्यम से SBI Collect पर स्वीकार किये जायेंगे।

4. ऑफलाईन आवेदन का प्रपत्र एवं परीक्षा शुल्क भुगतान हेतु लिंक आयोग के वेबसाईट www.jpsc.gov.in पर उपलब्ध है।

5. उक्त आवेदक विज्ञापन संख्या–05/2025 एवं विज्ञापन संख्या–06/2025 के ऑफलाईन आवेदन में वांछित सूचना भर कर विज्ञापन की कंडिका 13(थ) में अंकित संबंधित प्रमाण पत्रों की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति के साथ संलग्न कर लिफाफे के ऊपर विज्ञापन संख्या एवं पद का नाम तथा अपना नाम, पता, अंकित कर परीक्षा नियंत्रक, झारखण्ड लोक सेवा आयोग, सर्कुलर रोड, राँची–834001 के पते पर दिनांक–20.08.2025 से दिनांक–08.09.2025 (अपराह्न 05:00 बजे) तक स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक द्वारा या हाथों–हाथ उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे।

6. यह प्रेस विज्ञप्ति आयोग के वेबसाईट **www.jpsc.gov.in** पर उपलब्ध है।

ह0/–
सचिव,
झारखण्ड लोक सेवा आयोग, राँची।